**राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड, जयपुर**
**अरावली भवन, प्रथम तल, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर 302004**
rajsbb@rajasthan.gov.in; www.rajasthanstatebiodiversityboard.gov.in;
0141–2704188 / 2702188 / 2702088

क्रमांकः एफ( )रा.रा.जै.वि.बो. / स्टोर / 2026–27 / 133 दिनांकः 06/03/2026

# कोटेशन आमंत्रण सूचना

राजस्थान राज्य जैव विविधता मण्डल, अरावली भवन में निम्नांकित कार्यों के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबंद कोटेशन दिनांक 12.03.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं की उपस्थिति में अपरान्ह 03.00 बजे खोली जावेगी। कार्य की अनुमानित लागत 75,000 / – रूपये है।

| क्र. सं. | कार्य अवधि | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | अरावली भवन के प्रथम तल के कक्ष संख्या 116, 119, 120, 121, 130 अटैच्ड वॉश रूम व गैलेरी सहित सफाई का कार्य मय उपयोगी सामग्री। | 01.04.2026 से 31.03.2027 तक |

निविदा शर्तों एवं नियमों की विस्तृत जानकारी निविदा पत्र में उपलब्ध है, जो किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा करा कर प्राप्त की जा सकती है।

**(नन्द लाल प्रजापत)**
**मुख्य प्रबन्धक (तकनीकी)**
**राजस्थान राज्य जैव विविधता मण्डल,**
**जयपुर**

**क्रमांकः एफ( )रा.रा.जै.वि.बो. / स्टोर / 2025–26 /** 134-136 **दिनांकः** 06/03/2026

प्रतिलिपिः– निम्न को प्रेषित हैः–

1. अरावली भवन के नोटिस बोर्ड हेतु।
2. आई.टी. शाखा कार्यालय हाजा को विभागीय पोर्टल पर डालने हेतु।
3. लेखा / कैश / बिल शाखा कार्यालय हाजा।

**मुख्य प्रबन्धक (तकनीकी)**
**राजस्थान राज्य जैव विविधता मण्डल,**
**जयपुर**

RajKaj Ref No.: 20892497

Signature valid
Digitally signed by Nand Lal Prajapat
Designation : Chief Manager
Date: 2026.03.06 13:09:15 IST
Reason: Approved

# निविदा प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| 1. फर्म का नाम | : | |
| 2. संपर्क के लिये डाक का पता (दूरभाष/मो0नं. यदि हो तो) | : | |
| 3. फर्म मालिकाना/साझेदारी/रजिस्टर्ड है अथवा नहीं अंकित करें। (प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न करें) | : | |
| 4. फर्म के मालिक/साझेदारों के नाम–पता स्पष्ट अंकित करें। | : | |
| 5. मालिक के अतिरिक्त अन्य हस्ताक्षरकर्ता स्वयं के पक्ष में समुचित अधिकारी पत्र संलग्न करें। | : | |
| 6. सफाई का अनुभव (कम से कम एक वर्ष का सफाई कार्य करने का अनुभव होना अनिवार्य है, जो पिछले तीन वर्षो की अवधि से अधिक पुराना नहीं हो | : | |

**सफाई कार्य का अनुभव निम्न प्रपत्र में अंकित करें:–**

| क्र. सं. | संस्थान का नाम व पता | कार्य करने का वर्ष | प्रमाणपत्र/कार्यादेश का क्रमांक एवं दिनांक | कार्यादेश राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |

**7. सफाई कार्य के लिये प्रस्तुत दरों का विवरण**

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | मासिक दर |
|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. |
| 2. | अरावली भवन के प्रथम तल के कक्ष संख्या 116, 119, 120, 121, 130 गैलेरी सहित सफाई का कार्य मय उपयोग मे ली जाने वाली सामग्री। | |

(अ) दरें, समस्त शर्तों व नियमों के भली–भांति अध्ययन के उपरान्त ही भरी जावे बाद में कोई संशोधन मान्य नहीं होगा।

(ब) दरें मासिक आधार पर सामग्री एवं सभी प्रभारों सहित भरी जावे।

8. अन्य विवरण यदि निविदादाता प्रस्तुत करना उचित समझते हो, तो स्पष्ट अंकित करें।

**निविदादाता के हस्ताक्षर**
**मय मोहर सहित**

Signature valid
Digitally signed by Nand Lal Prajapat
Designation : Chief Manager
Date: 2026.03.06 13:09:15 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20892497

## सफाई कार्य के लिए निविदा एवं ठेके की शर्ते

1. कोटशन सीलबन्द लिफाफे में निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 12.03.2026 को 2.00 बजे (अपरान्ह बाद) तक स्वीकार की जावेगी, जो उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष उसी दिन 4.00 बजे (अपरान्ह बाद) खोली जावेगी। विलम्ब से प्राप्त निविदा स्वीकार्य योग्य नहीं होंगी।
2. कोटेशन पेन से भरी जावे तथा राशि अक्षरों व शब्दों में स्पष्ट रूप से अंकित करें। यदि राशि में कांट–छांट हुई, तो उन निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।
3. ठेकेदार सफाई कार्य का ठेका अन्य किसी दूसरे व्यक्ति/संस्था को सबलेट नहीं कर सकेगा।
4. ठेकेदार को आदेश प्राप्त होने के एक सप्ताह में अनुबन्ध पत्र 100/– रुपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर भरकर देना होगा तथा कुल ठेके की राशि का 5 प्रतिशत कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जमा करानी होगी, जो ठेका अवधि उपरान्त मांग करने पर नियमों के प्रावधान अनुसार प्रतिदाय/रिफण्ड की जा सकेगी। जिस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
5. ठेके की शर्तों का उल्लंघन करने पर प्रतिभूति राशि जब्त की जा सकती है अथवा आर्थिक दण्ड पर राशि काटी जाकर वापिस की जावेगी।
6. ठेके की व्यवस्था के सम्बन्ध में कोई विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य जैव विविधता मण्डल, जयपुर का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।
7. समस्त न्याय का क्षेत्र जयपुर कोर्ट ऑफ ज्यूडिशियल होगा।
8. बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकार करने/अस्वीकार करने अथवा ठेका निरस्त करने को अधिकार सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य जैव विविधता मण्डल, जयपुर को प्रदत्त है।
9. कार्य समय पर नहीं करने अथवा सन्तोषजनक रूप से नहीं करने की स्थिति में अन्य किसी ऐजेन्सी/व्यक्ति से कार्य करवाने हेतु उक्त कार्यालय सक्षम होगा तथा अन्य व्यवस्था करने में इस कार्यालय को अतिरिक्त वित्तीय भार वहन करना पडा तो अनुबंधकर्ता की जमानत राशि/देय भुगतान से वसूल किया जावेगा।
10. अनुबंध के अन्तर्गत वर्णित कार्य का भुगतान माह की समाप्ति पर अधिकृत अधिकारी के प्रतिवेदन/मूल्यांकन के आधार पर जारी किया जावेगा। मासिक भुगतान के अतिरिक्त कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जावेगा। यदि किसी माह में माह के आंशिक अवधि के लिए भुगतान आनुपातिक आधार पर किया जावेगा।

RajKaj Ref No.:
20892497

Signature valid

Digitally signed by Nand Lal Prajapat
Designation : Chief Manager
Date: 2026.03.06 13:09:15 IST
Reason: Approved

11. यदि कोई शर्त निविदादाता प्रस्तुत करता है, जो विभाग द्वारा तय शर्तों के प्रतिकूल हो, तो वे मान्य नहीं होगी।

12. निविदा दाता के पास कोई अनुभव हो तो फोटो प्रति संलग्न करें।

13. निविदा में प्रस्तुत कार्य दर अनुबन्ध की सम्पूर्ण अवधि के लिये स्थिर व अपरिवर्तनीय होगी।

14. समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा प्रचलित कानून, नियमों की पूर्ण पालना करना अनिवार्य होगी।

15. सफाई कार्य के लिये लगाये गये कर्मियों की उचित व्यवहार की पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।

16. सफाई कार्य का पर्यवेक्षण मुख्य प्रबन्धक (तकनीकी), राजस्थान राज्य जैव विविधता मण्डल, जयपुर द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि करेगा। कार्य निष्पादन के बारे मे समय–समय पर उसके निर्देशों की पालना करना आवश्यक होगा।

17. सफाई कार्य के दौरान यदि किसी कार्मिक के साथ कोई दुर्घटना अथवा नुकसान होता है तो उसके लिए ठेकेदार ही जिम्मेवार होगा। समूह बीमा आदि की जिम्मेवारी ठेकेदार की होगी।

18. यदि फर्म जयपुर से बाहर स्थित है तो जयपुर शहर में स्थानीय सम्पर्क स्थल Rent Agreement/Electricity Bill की जानकारी दें।

19. सफाई का अनुभव (कम से कम एक वर्ष का सफाई कार्य करने का अनुभव होना अनिवार्य है, जो पिछले तीन वर्षों की अवधि से अधिक पुराना नहीं हो।

## निविदादाता द्वारा घोषणा

निविदा की समस्त शर्तों, कार्य का विवरण, सम्बन्धित शर्ते, सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम की ठेके सम्बन्धित नियमावली का पूर्ण रूप से अध्ययन कर लिया है। उपरोक्त समस्त शर्तें मुझे/हमें स्वीकार है। राज्य सरकार/भारत सरकार द्वारा प्रचलित नियमों की ठेके सम्बन्धित समस्त जानकारी मुझे/हमें है तथा इस सम्बन्ध में जो भी नियम ठेके की अवधि में प्रचलित होंगे मुझे/हमें मान्य हैं। उपरोक्त समस्त तथ्यों को ध्यान में रखकर हमारे द्वारा सफाई कार्य के लिये दरें प्रस्तुत की गई हैं।

**हस्ताक्षर निविदादाता**
**नाम, पता एवं सील**

Signature valid

Digitally signed by Nand Lal Prajapat
Designation : Chief Manager
Date: 2026.03.06 13:09:15 IST
Reason: Approved

*****

RajKaj Ref No.:
20892497